PRANS

# चाचा चौधरी और चुनावी दंगल





पद्मश्री प्राण

प्राण ने भारतीय पात्रों को लेकर भारतीय कॉमिक्स का इतिहास रचा। उनके प्रमुख कॉमिक पात्र चाचा चौधरी, बिल्लू, पिंकी और श्रीमतीजी आदि हैं। उनकी विभिन्न भारतीय भाषाओं में करोड़ों पुस्तकें बिक चुकी हैं। प्राण द्वारा लिखित कुछ वाक्य पाठकों की जुबां पर हैं –

–चाचा चौधरी का दिमाग कंप्यूटर से भी तेज चलता है।

–साबू को जब गुस्सा आता है तब दूर कहीं ज्वालामुखी फटता है।

चाचा चौधरी टी. वी. सीरियल का प्रसारण सहारा चैनल पर 600 एपिसोड का 1995 में हुआ था। रघुबीर यादव ने चाचा चौधरी की भूमिका निभाई थी। प्राण का कार्टूनिंग करियर 1960 से मिलाप उर्दू समाचार पत्र से शुरू हुआ था। चाचा चौधरी कॉमिक सब से पहले लोटपोट पत्रिका में छपना शुरू हुआ। आज भी 35 समाचार पत्रों, अजीत, प्रजावाणी, पंजाब केसरी आदि में कॉमिक छप रही हैं। कॉमिक बुक्स भी सफलता के पायदान छू रही हैं । प्राण को अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया – लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्डस द्वारा पीपल्स ऑफ द ईयर, पद्मश्री सर्वोच्च नागरिक सम्मान, लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड, कार्टूनिस्ट एसोसिएशन द्वारा और ठिठोली पुरस्कार आदि। इंटरनेशनल म्यूजियम ऑफ कॉमिक्स यू.एस.ए. में चाचा चौधरी कॉमिक्स का प्रदर्शन। 2018 में चाचा चौधरी एनिमेशन का डिजनी चैनल हॉट स्टार पर प्रसारण हुआ। 2014 से उनके पुत्र निखिल प्राण डिजिटल कॉमिक्स, एनिमेशन और कॉमिक बुक्स पाठकों तक पहुंचाने में प्रयासरत हैं।

# चाचा चौधरी और न्यू वोटर





वाह ! बारह बज गए।
आह ! जन्मदिन का केक !
बर्थ डे पर म्युज़िक !
बर्थ डे पार्टी।
आज मेरा जन्मदिन है। शानदार जन्मदिन मनाया जाएगा !


अब मैं नौजवान हूं।
सबसे पहले एक मोटर बाइक खरीदूंगा।
कॉलेज लाइफ एन्जॉय करूंगा।
मेरे पास होगा, महंगा मोबाइल !
अच्छी सी स्मार्ट वॉच खरीदूंगा।




*इपिक - इलैक्शन फोटो आइडिटिफिकेशन कार्ड।


www.nvsp.in
न्यू वोटर और इपिक कार्ड बनवाने के लिए www.nvsp.in वेबसाइट पर तुम्हारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हैं। यह रजिस्ट्रेशन वोटर हैल्पलाइन एप पर भी किया जा सकता है।
कौन सा सर्टिफिकेट दूं ?
ऑन लाइन न्यू वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए पासपोर्ट साइज़ फोटो, जन्म प्रमाण-पत्र और एड्रेस प्रूफ दे दो !
बिल्लू ! बर्थ सर्टिफिकेट के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड,भारतीय पासपोर्ट, स्कूल मार्कशिट या म्यूनिसिपल ऑथिरिटी का जन्म प्रमाण-पत्र।
और निवास स्थान के पते के लिए जो दस्तावेज चाहिए, वह भी मैं तुम्हें बता देता हूं।


निवास स्थान के पते के लिए राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसैंस, भारतीय पासपोर्ट, या बैंक खाता, किसान खाता एवं पोस्ट ऑफिस की पासबुक आदि।
ड्राइविंग लाइसैंस
पासपोर्ट
आई.टी.आर.
गैस कनैक्शन बिल
टेलिफोन बिल
बिजली बिल
मैंने तुम्हारे आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दर्ज़ कर दी है।
अभी हाल में ही चुनावी कानून में संशोधन के अंतर्गत सत्रह साल का युवा भी अब न्यू वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकता है। ताकि अठारह साल होते ही उन्हें इलैक्ट्रोल रोल में शामिल किया जा सके।
न्यू वोटर रजिस्ट्रेशन हर साल जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर माह में शुरू होते हैं।


मैंने www.nvsp.in पर न्यू वोटर पंजिकरण फार्म-6 डॉक्यूमेंटस के साथ सबमिट कर दिया है। वैसे यह काम वोटर हैल्पलाइन से भी किया जा सकता है।
यह तो बहुत ही आसान काम था!
आसान तो है पर बिल्लू तुम अपना आलस छोड़ो तब ना!
तुम्हारे इस साल के जन्मदिन का खास तोहफा होगा तुम्हारा वोटर कार्ड।
सच कहा! रजिस्टर होने पर मैं बनूंगा न्यू वोटर!
कुछ दिनों बाद।
वाह! मेरा वोटर कार्ड आ गया!
कई बार ट्रांसफर, शादी या शिक्षा के चलते दूसरी जगह पर जाकर रहना पड़ता हैं तो इलैक्ट्रोल रोल में अपना स्थाई पता अपडेट करवा देना चाहिए।
ऐसे में फार्म-8 भरिए। और अपना वर्तमान पता अपडेट करवा लें।


वोटर कार्ड से आधार कार्ड को लिंक करना भी संभव है ताकि आपकी अनुपस्थिति में किसी भी तरह के दुरूपयोग को रोका जा सके।
तुम्हें अपने इपिक कार्ड को आधार से लिंक भी करवाना चाहिए।
यह शुभ काम आपके हाथों से हो जाए तो बढ़िया है।
नया इपिक कार्ड बनवाने के फार्म-6 और आधार से लिंक करने के लिए फार्म-6B की सुविधा ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से उपलब्ध हैं।


इपिक कार्ड है मतदाता की सर्वोच्च पहचान !
वोटर कार्ड से होगा लिंक आधार कार्ड ! सुरक्षित वोट जनाधार।




www.pransentertainment.com







मेरा नाम वोटर लिस्ट में है या नहीं ?
वाह ! वोटर हैल्पलाइप एप से मैंने अपना नाम वोटर लिस्ट में जांच लिया है और पोलिंग स्टेशन की जानकारी ले ली है।
वोटर की तमाम जरूरतों का एक समाधान, वोटर हैल्पलाइन एप !
जॉक ! मैं इन सभी मोबाइल एप्स् को अभी डाउनलोड करता हूं।
© Prans Features LLP


भूल न जाना, कल वोट डालने जरूर जाना !
इलैक्शन में मुझ दिव्यांग की मदद कौन करेगा ?
मैं पी.डब्ल्यू.डी. एप हूं ना !
वाह ! चाचाजी, एप की मदद से मुझे सारी सुविधाएं मिल जाएगी।
मैं आपके लिए पोलिंग बूथ तक जाने-आने का वाहन बुक कर देता हूं। दिव्यांग व्यक्तियों को पोलिंग बूथ की लोकेशन बताना और आवेदन पर व्हील चेयर मुहैया कराना भी मेरा काम है।
क्या ये एप् चुनाव की निगरानी और सुरक्षा भी करते हैं ?
हां बीनी ! सी विजिल मोबाइल एप एम.सी.सी. (मॉडल कोड ऑफ कन्टक्ट) कायम करने में मददगार है। इन्वैसटिगेटर, ऑब्जरवर और एनकोर, चुनाव अधिकारियों के लिए है।
साथ ही वोटर टर्न आउट एप से यूजर्स मतदान में मतदाता की भागिदारी कि जानकारी ले सकते हैं, वहीं सुविधा एप प्रत्याशियों के लिए उपलब्ध है।


आज हमें चुनाव कैंसिल करवाने हैं। अपने अपने हथकंडे अपनाओ।
हमें वोटर्स को रोकने के लिए जाकर टोल नाका भी लगाना है।
आप इस रास्ते से नहीं जा सकते। पोलिंग स्टेशन के लिए दूसरी तरफ से जाइए।
यह सच बोल रहा है या झूठ! यह हमारा वोटर हैल्पलाइन एप बताएगा।
मैं वोटर हैल्पलाइन एप, मेरा तो काम ही है, वोटर्स को बूथ से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराना।


झूठ बोले, रॉकेट काटे !
मतदाता पंजिकरण से मतदान और वोट गिनती तक की सम्पूर्ण जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग ने मोबाइल एप्स् का निर्माण करवाया है।
अगर आगे पोलिंग बूथ में वोट डालने जाना है तो इस टोल नाके को पार करके दिखाओ !
गोबरसिहं ! मोबाइल एप्स् ने सूचनाओं से सब वोटर्स की सहायता की है और अब साबू एक्शन से सब वोटर्स को वोट डलवा कर रहेगा।
साबू ! फार्मूला नंबर-311




© Prans Features LLP




## चाचा चौधरी और महिला मतदाता की भागीदारी








परिवार के हर सदस्य को जागरूक करना है। मतदान जरूर करें का संदेश, गांव के घर-घर में पहुंचाना है।
वह कैसे ?
एजी ! मटके वाली बहनों को जरा अपनी कला का जौहर दिखाओ।
© Prans Features LLP
वोट जरूर डालें
मेरा वोट मेरी ताकत।
वोट के लिए बटन दबाओ।


मेरा वोट मेरी ताकत।
वोट जरूर डालें।
बहनों ! अब यह पीने वाले पानी के मटके आप सबने अपने घरों में रख लिए हैं।
वोट का बटन दबाओ।
मेरा वोट मेरी ताकत।
जब घर के मेम्बर मटके से पानी पीएंगें और साथ ही वोट डालने का संदेश भी पढ़ लेंगे।
क्यों बहनों, हो गई महिलाओं की चुनाव में जोरदार भागीदारी !
अभी तो हमने चुनाव की थाली में और भी व्यंजन परोसने हैं।
व्यंजन का नाम सुनते ही मेरे मुहं में पानी आ गया है।
पेटू कहीं के !
हमारे साथ चुनाव में साथ दे रही हैं, हमारी आंगनवाड़ी वर्कर और आशा वर्कर बहनें जो घर घर जाकर सबको वोट डालने के लिए जागरूक करेंगी ।














वोटिंग के दिन औरतें पारम्परिक वेश-भूषा में तैयार होकर वोट डालने आ रही हैं।






www.pransentertainment.com


हू-हूबा !
कड़बमम !
* साबू को गुस्सा आता है तो कहीं ज्वालामुखी फटता है।
खटमलों ! निकलो, यहां से !
धड़ाक !
वोट सैल्फी तो बनती है।
वोट का बटन दबाओ !
चुनाव हुए सम्पन्न, साबू के लिए लस्सी इनाम !
वोट के लिए बटन दबाओ !
वाह ! अब आया असली मजा !



चाचा चौधरी और चुनावी हेराफेरी
हमने इस बार धन और शराब बांटकर वोटरों को बरगलाना है।
ताकि वह हमारे नेता को वोट डाले।
चाचाजी, खबर मिली है कि इस बार चुनाव में वोटरों को भरमाने के लिए पैसों का प्रयोग किया जाएगा।
निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए हमें पैसों की धरपकड़ करनी होगी।
तभी मेरी नौकरी भी बच पाएगी।


उसे भी अपनी कुर्सी बचानी है।
पीं ! पीं !!
नैतिक चुनाव करवाना हमारा कर्त्तव्य है।
यारों ! मुझको माफ करना, मैं नशे में हूं।
डलेंगे वोट तो मिलेंगे नोट ! पार्टी तो अभी शुरु हुई है।
चाचा चौधरी ! यह लो, साबू को मेरी तरफ से मिठाई खिला देना।


चाचाजी, यह नशे में धुत्त बेवड़ा नोट बांटता फिर रहा है।
राकेट! इन नोटों को सूंघो।
* चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है।
आओ, साबू! रॉकेट ने नोट बांटने वालों की तलाश
में ...
... सर्च आपरेशन शुरु कर दिया है।
© Prans Features LLP


बाऊं-बाऊं
बाऊं-बाऊं
राकेट पुराने खंडहर में पहुंचा। जहां गोबरसिंह और धमाकासिंह वोटरों को शराब और नोट बांट रहे हैं।
ये रुपए लो, हमारे उम्मीदवार को ही वोट डालना।
चाचा चौधरी ने तुरंत सी विजिल मोबाइल एप् खोला।
चाचाजी! यह आप क्या कर रहे हैं?
देखते जाओ! अब इन्हें कैसे मजा चखाते हैं!
अरे! चाचा चौधरी का कुत्ता यहां कैसे आ गया?
गर र!
तुम्हारे बांटे हुए नोट ले आएं हैं।
तो, वे तुम दोनों हो! जो रुपए और शराब के लालच से वोटरों को बरगला रहे हो।


तुम तो यहां पूरा बैंक खोलकर बैठे हो।
यह सारा रुपया मेरा है।
तो, इन करोड़ों रुपए का इन्कम स्त्रोत बताओ ?
यह लाल पगड़ी और लंबू को यहीं दफन करना है।
जल्दी क्या है ? थोड़ा इंतजार करो। फिर देखो क्या होता है ?
क्या ? आगे क्या होगा ?
निर्वाचन आयोग के ऑफिसर्स आते हैं।
लातों के भूत बातों से नहीं मानते !
ढिशूंम !


धड़ाक !
हा ! हा !! चाचा चौधरी ने नया कोरियर भेजा है।
www.pransentertainment.com
काला धन जब्त, सफेद चुनाव सम्पन्न !
इलैक्शन ऑफिसर्स को कैसे पता चला कि यहां चुनावी धांधली हो रही है ?
सी विजिल मोबाइल एप द्वारा मेरे वीडियो के साथ लोकेशन पहुंच गई और जिससे अधिकारी पहुंच गए। और सही एक्शन हो सके।


चाचा चौधरी और
थर्ड जेंडर वोटर अवेयरनेस आइकॉन
बधाई हो ! बधाई हो !!
किन्नर आशा ताई बधाई लेकर आई हैं। लगता है, कोई शगुन का काम हुआ है !
बधाई हो ! बधाई हो !!
चुनाव महा त्यौहार की बधाई हो।
सभी चुनाव महा पर्व में वोट अवश्य डालें !



वाह ! आपने तो चुनाव को भी उत्सव बना दिया !
चुनाव लोकतंत्र का उत्सव ही तो है, जिसमें सबका शामिल होना जरूरी है।
और इसके लिए जरूरी है कि युवा समय से वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाए।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने हमें घर-घर जाकर मतदान की अलख जगाने का जिम्मा दिया है।
हम सभी नागरिकों को वोटर रजिस्ट्रेशन की जानकारी देंगे। फॉर्म-6 भरने के लिए प्रेरित करेंगे।


सभी नागरिक राष्ट्रीय मतदाता ऑनलाइन या ऑफलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं।
चाचा चौधरी ! इस मतदाता जागरूकता अभियान में आपका साथ मिले तो चार चांद लग जाएं !
हम सब मतदान प्रेरणा की यात्रा शुरू करते हैं।
गोबर सिंह के इलाके कोई भी नौटंकी यात्रा निकालने का टैक्स चुकाओ !
मूर्ख ! मतदाता जागरण यात्रा में रोक-टोक नहीं चलेगी।


कड़ाक!
ढिशूम!
अपमान की सजा!
हॉय! मेरे मुहं के सारे दांत टूट गए!
अपशब्दों की सजा मिलती है।
निर्वाचन आयोग ने मुझे आइकॉन नियुक्त किया है। मतदाता जागरूकता के लिए एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन रखा है!
बहुत खूब!
थर्ड जेंडर के साथ चाचा चौधरी और साबू का क्रिकेट मैच शुरू हुआ।
बाउलर चाचा चौधरी।
सर्राट!
आइकॉन आशा ताई ने हवा में शॉट मारा।
स्टाक!


तेज भागो !
छलांग !
एक शॉट से भी मैच पलट सकता है, एक वोट मतदान के नतीजे बदल सकता है !
आशा ताई दर्शकों से जागरूक और जिम्मेदार मतदाता बनने की अपील करती हैं।
आज ही अपना वोटर रजिस्ट्रेशन कराएं !
मतदान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें !
मैं मतदाता जागरूकता की आइकॉन बनकर बहुत खुश हूं।
हमारा किन्नर समाज मुझे मतदाता जागरूकता की आइकॉन बनाने से बहुत उत्साहित और मतदाताओं के लिए हमेशा प्रेरणादायक बना रहेगा।
आइकॉन ने जनता को जगाया ! चुनाव महोत्सव को सफल बनाया !!


चाचा चौधरी और
अपने उम्मीदवार को जानो ऐप
बिल्लू ! बहुत भूख लगी है, पिज्ज़ा खिला दो।
मैं जोजी के घर जा रहा हूं। चलो, तुम्हें उसकी मम्मी के हाथों के बने समोसे खिलाता हूं।
अच्छा तो चलो।
दोनों जोजी के घर में एंट्री करते हैं।


सावधान ! पीछे मुड़ !!
मेरी बेटी से मिलने आए हो तो उलटे पांव लौट जाओ।
पापा ! बिल्लू को मैंने बुलाया है, हम फर्स्ट टाइम वोटर्स हैं। मतदाता जागरूकता के लिए हमें चाचा चौधरी के पास जाना है।
गुड ! चुनाव में वोट डालना युवाओं का कर्तव्य है। इस काम के लिए मैं इजाजत देता हूं।
तीनों चाचा चौधरी के घर की ओर चल दिए।
यार ! वो समोसे तो मिले नहीं ?
शुक्र मनाओ, कर्नल साहब उठक-बैठक नहीं लगवाई।


चाचा जी, हम फर्स्ट टाइम वोटर्स हैं, एक अच्छे कैंड्डिडेट की पहचान कैसे करें ?
मोबाइल फोन में 'अपने उम्मीदवार को जानो ऐप' डाउनलोड करो और हर प्रत्याशी की सटीक जानकारी पाओ।
बिल्लू एप डाउनलोड करता है।
वाह ! यह तो बहुत आसान है।
इसमें मुझे प्रत्याशी रोशन लाल बहुत पसंद आए हैं।
वाह ! 'अपने उम्मीदवार को जानो ऐप' ने हमारी मुश्किल हल कर दी।
हमारे अनुसार तो रोशन लाल पढ़े-लिखे और साफ सुथरे चरित्र वाले प्रत्याशी है, उन्होंने हमारे क्षेत्र में बहुत काम किया है। हम उन्हीं को वोट करेंगे।
© Prans Features LLP


मैंने सुना है, आपने टैस्टी हलवा-पूड़ी और खीर बनाई है।
मैंने यहां भंडारा नहीं खोल रखा है!
आज बिन्नी चाची का पारा सांतवें आसमान पर क्यों है?
चाची ने चुनाव महात्यौहार के लिए नई साड़ी मांगी, चाचाजी टाल मटोल कर रहे हैं।
फिर तो आज साबू अंकल की भी भूख हड़ताल समझो!
बिल्लू! जैसे मोबाइल एप से अच्छे प्रत्याशी चुने हैं वैसे ही मोबाइल के फूड एप से मेरे लिए पिज्जा आर्डर कर दो।
दोस्त! कड़की छाई हुई हैं।
जोजी! तुम्हारी समाजसेवा तुम्हें भी चुनावी नेता बना देगी।
हा! हा!! चलो पेटू महाराज! मैं तुम्हें पिज्जा खिलाती हूं।
जोजी! तुम चुनाव प्रत्याशी बनी तो मेरा वोट तुम्हारे लिए एड्वांस में पक्का समझो!


बॉस ! अब तक के तुम्हारे सारे अपराध जनता के सामने आ गए हैं।
'अपने उम्मीदवार को जानो ऐप' ने तुम्हारी पोल पट्टी खोल दी।
युवा वोटर्स रोशन लाल को ही वोट करेंगे, तुम्हारी तो जमानत जब्त समझो।
रोशन लाल को किडनैप करके ले आओ।
प्रत्याशी रोशन लाल को अड्डे पर उठा लाए।
चुनाव के जीतने के बाद हमारी पार्टी में आ जाना। फिर मिलकर जनता से फायदा उठाएंगे।
मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के वोटरों को धोखा नहीं दूंगा !
तो फिर तुम मरोगे !


हू-हूबा !
धड़ाक !
बड़ाक !!
कड़ाक !
चलिए, रौशन लाल जी आप जैसे समाज सेवी उम्मीदवार की वोटर्स को जरूरत है।
POLLING STATION
चुनाव में सभी ने वोट डाले।
रोशन लाल बहुमत से विजयी हुए।
मेरी तो जमानत जब्त हो गई !
'अपने उम्मीदवार को जानो ऐप' से कैंडिटेट को जानो, ताकि नैतिक और सूचित चुनाव हो सके !

# चाचा चौधरी और पोस्टल वोट




आप जैसे पर्सन विद डिसेबिलिटिस वोटर्स के लिए पिक एंड ड्रॉप की विशेष सुविधा है।
??
आपको मतदान केंद्र तक वोट के लिए ले जाने और घर वापसी लाने की वाहन की मुफ्त सुविधा उपलब्ध होगी। मतदान केंद्र पर भी बाकी सुविधाओं के साथ रैम्प, व्हील चेयर साथ में वॉलटियर्स आपकी सहायता के लिए मौजूद होंगे।
क्या घर बैठे मतदान करने का कोई विकल्प नहीं है ?
जो अस्सी वर्ष से अधिक और दिव्यांग होने के कारण मतदान केंद्र तक जाने में अक्षम होते हैं। उनके लिए खासतौर पर पोस्टल वोट की सेवा मौजूद है।
यह पोस्टल वोट क्या है ?
घर बैठे मतदान करने की सुविधा !
आप फार्म 12-D भरकर पोस्टल वोट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं।
www.pransentertainment.com



निर्वाचन आयोग द्वारा आपका पोस्टल वोट आवेदन स्वीकार होते ही चुनाव अधिकारी घर बैठे आपसे पोस्टल वोट डलवाने आएंगे।
नेकी और पूछ-पूछ ! आप मेरा यह काम अभी कर दीजिए।
आप पोस्टल वोट के लिए फार्म-12'D'. इलैक्शन कमीशन की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। और BLO (बूथ लेवल ऑफिसर) से भी ले सकते हैं।
लो भर गया आपका फार्म 12 'D'। अब इसे RO ( रिर्टनिंग ऑफिसर ) के ऑफिस में जमाकर आते हैं। एपलिकेशन आर.ओ.के पास चुनाव तिथि की घोषणा के पांच दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।
स्वीकृत होने पर चुनाव कार्यालय से आपको फोन आएगा और पोस्टल वोट का समय और दिनांक आपको सूचित कर दिया जाएगा।
चुनाव के कुछ दिन पहले गंभीर लाल जी को निर्वाचन आयोग कार्यालय की ओर से फोन पर पोस्टल वोट के दिन के लिए सूचित किया गया।


पोस्टल वोटिंग का दिन।
पोस्टल वोटिंग के लिए चुनाव अधिकारी और बैलेट पेटी मौजूद हैं।
चुनाव अधिकारी, सुरक्षा कर्मी और वीडियो रिकार्डिंग कैमरामैन सुरक्षित और गोपनीय पोस्टल वोटिंग के लिए गंभीरलाल जी के घर आए हुए हैं।
वाह ! मैंने पोस्टल वोट कर दिया है।
इलैक्शन वाले दिन वोटिंग के बाद।
अब वोट डले हुए सीलबंद ई.वी.एम. और वी.वी.पेट को स्ट्रांगरूम में रखने के लिए ले जा रहे हैं।
वोट पड़ने के बाद ई.वी.एम और वी.वी.पेट पोस्टल वोट की पेटियों को जहां रखा जाएगा। वहां से ई.वी.एम. और बैलेट बॉक्स हम लूट लेंगे।


ई.वी.एम-वी.वी.पेट और बैलेट बॉक्स की सुरक्षा के सारे इंतजाम करके चुनाव कर्मियों ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया।
बॉस ! हमें वोटों को लूटना है।
इधर कुछ भी पॉसिबल नहीं हैं।
हा ! हा !! क्यों धमाकासिंह ? चुनाव में गड़बड़ी की फिराक में है।
सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देख कर पसीने छुट गए। अरे, अब तो सुधर जाओ !



चाचा चौधरी और
हर वोट है जरूरी
चाचाजी ! वीक एंड छुट्टियां हैं, हम सब भी स्नो फॉल देखने मनाली चलते हैं।
कल चुनाव है। वोट डालना हमारा प्रथम कर्तव्य है।
हम सब आज ही हिल स्टेशन जाएंगे।
खुद को कहीं ले जाते नहीं हो, साबू लेकर जा रहा है तो नखरे कर रहे हो !
तुम्हारा आर्डर टाला नहीं जा सकता। लेकिन...
पहला काम, मेरा मतदान ! क्योंकि जनादेश में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है।


वैसे भी मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा ?
हमें चुनाव आयोग के नीति वाक्य कोई मतदाता न छुटे पर अमल करना है।
हर वोट की महत्वता है।
अरूणाचल प्रदेश में, सिर्फ एक मतदाता सोकेला तैयांग के वोट के लिए, मतदान कर्मियों के दल ने चुनाव सामग्री के साथ 300 मील की दूरी तय की और नदियां, पहाड़ियां और अस्थायी पुल पार किये।
© Prans Features LLP
जैसे तुम्हारी एक किक सारी बाजी पलट देती है, वैसे ही मात्र 2-3 वोट के अंतराल से ही हार-जीत हो जाती है।
साबू ! मान जा, बर्फबारी तो हम अगले हफ्ते भी देख सकते हैं। चुनाव तो टाले नहीं जा सकते।


मैं अपने वोट की ताकत समझ गया हूं। सर्वप्रथम हम सब वोट डालने जाएंगे। मतदान हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।
बीनी! जल्दी करो, हमें वोट डालने जाना है।
मतदान लोकतंत्र का त्यौहार है। त्यौहार तो सजधज कर ही मनाना चाहिए।
चलो भाग्यवान!
चाचा चौधरी! एक वोट डालने के पांच सौ रुपए मिल रहे हैं।
हमारे पार्टी के नेता गोबरसिंह को ही वोट डालना।
वोट बिकाऊ नहीं होता!



अपने लोकतंत्र का सौदा न करें।
अपराध मुक्त सच्चा-अच्छा प्रत्याशी ही चुनें।
VOTE
मेरी तलवार मुफ्त में सारे वोट, मेरे गोबरसिहं को डलवा देगी।
अगर अपराधी गोबरसिहं जीत गया तो अगले इलैक्शन तक सबको पछताना पड़ेगा।
चाचा चौधरी! तुमने मेरे प्रत्याशी गोबरसिहं के वोट रोकने की जुर्रत की!
खामोश!
सरराट!
ओह!
धड़ाम!


हू-बा !
हू-बा !!
राका ! तुझे इसका दंड मिलेगा।
फटाक !
* साबू को गुस्सा आता है तो ज्वालामुखी फटता है।
साबू की पकड़ नहीं, फंदा है !
आगरह ! मुझे छोड़ दो !


छोड़ूंगा ! मगर धरती से दूर...
अंतरिक्ष में।
अब तो चुनाव में मेरी जमानत जब्त हो जाएगी !
लोकतंत्र न झुकेगा ! न ही बिकेगा !
क्योंकि हम सबका एक-एक वोट पांच साल के भविष्य का निर्माता है !
हमें प्रत्याशी की पूरी सूचना के साथ, बिना लोभ-प्रलोभन के नैतिक मतदान करना चाहिए।


चाचा चौधरी और
चुनाव में हमले की साजिश
स्वागत है, श्रीमान ! कैसे आना हुआ ?
अरे, भाई ! इलैक्शन आ रहे हैं, जीतने के लिए क्या करें ? कोई जुगाड़ लगाओ।
ई.वी.एम.से वोटिंग होती है। धांधली का कोई चांस ही नहीं है, मुझे तो मेरी कुर्सी खिसकती नजर आ रही है।
अरे, नेता जी, फिकर नॉट ! हम ई.वी.एम. मशीने ही लूट लाते हैं। इलैक्शन रद्द हो जाएगा, आपकी कुर्सी बची रहेगी।
© Prans Features LLP
अरे, इतनी कड़ी सुरक्षा में कुछ मुमकिन नहीं, कोशिश करके देख लो।


चाचा चौधरी ! इस बार चुनाव में नैतिक वोटिंग की हमें कड़ी सुरक्षा करनी है ।
चाचाजी ! आप और साबू सतर्क रहें ।
हम तैयार हैं ।
धमाकासिंह अपने बदमाशों के साथ बड़े ट्रक पर सवार पोलिंग बूथ की ओर बढ़ चला ।




© Prans Features LLP


बॉस ! पोलिंग बूथ के पास जाते ही हम सब कैमरों से पकड़े जाएंगे।
और निगरानी कक्ष को तुरंत सूचना मिलते ही सीक्युरिटी फोर्स हमें कैद कर लेगी।
मैं यहां दूर से ही मतदान केंद्र पर यह हैंडग्रेनेड फैंक दूंगा।
वहां भगदड़ मच जाएगी। फिर हम पोलिंग बूथ पर हमला कर देंगे। वोटर्स और अधिकारी दुम दबाकर भाग जाएंगे...काम बन जाएगा।


साबू ! राकेट खतरे का सिंगनल दे रहा है।
सर रा्ट !
साबू ! फार्मूला नं- 305 !
* चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है।
हू-हूबा !
छलांग !
www.pransentertainment.com
बैक टू पैवेलियन !
ई-ई-ई !


हॉय !! मर गए !
मम्मी ! बचाओ !
हॉय !!
साबू ने बाजी पलट दी।
मेरा बम तो मुझपर ही आ फटा !
धत्त तेरी की !
करने चले थे, लोकतंत्र पर हमला ! निकल गई, हैकड़ी की सारी हवा !!


चाचा चौधरी और अपना बहुमूल्य वोट
[redacted]
मैं अपना वोट डालने जा रहा हूं क्योंकि चुनाव के कारण आज छुट्टी है।
मतदान दिवस
मैं भी तुम्हारे साथ आऊंगी।
अपना वैध पहचान पत्र साथ लाना न भूलना और अपने सभी गैजेट जैसे मोबाइल, कैमरा आदि को घर पर छोड़ देना।
उन्हें मतदान केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं है।
वोट करने के लिए आपका नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। आपके पास आई. डी. प्रूफ के लिए इनमें से किसी एक पहचान-पत्र जैसे कि वोटर (इपिक) कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसैंस, मनरेगा जॉब कार्ड, स्मार्ट कार्ड, बैंक पासपोर्ट, हैल्थ इंश्योरेंस, सर्विस कार्ड, पैंशन दस्तावेज, दिव्यांगता आई. डी. (UDID) होना चाहिए। जिसमें आपका फोटो हो।
पोलिंग स्टेशन
मैंने वोटर हैल्पलाइन एप की मदद से अपना मतदान केंद्र ढूंढ लिया है और आप nvsp.in वेबसाइट के जरिए भी ऐसा कर सकते है।
वोट करने के लिए मतदान केंद्र में दाखिल होने पर पहला चुनाव अधिकारी आपका नाम वोटर सूची में और आपके आई. डी. कार्ड की जांच करता है।
मैं बिल्लू हूँ।



दूसरा मतदान अधिकारी एक अमिट स्याही के साथ उंगली और नाखून पर एक निशान लगाता है। बिल्लू को एक पर्ची प्रदान करता है और एक शीट पर हस्ताक्षर लेता है।
तीसरा मतदान अधिकारी पर्ची लेता है और बिल्लू की उंगली पर निशान की जांच करता है।
बिल्लू अपना वोट डालने के लिए कम्पार्टमेंट में प्रवेश करता है।
वोट डालने के लिए ई.वी.एम. पर चुनिंदा प्रत्याशी के फोटो, नाम और चिन्ह के आगे का नीला बटन दबाने पर लाल बत्ती जलती है और बीप की आवाज होती है। जिससे पता चलता है कि आपका वोट डल गया है। साथ ही वी.वी.पेट की स्क्रीन पर सात सैकेंड तक प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह की सूचना की पर्ची दिखायी देती है। जिससे आपके डले हुए वोट का वैरिफिकेशन होता है।
बीप
www.pransentertainment.com
चाचा जी! हमने अपना वोट डाल दिया है।
पोलिंग स्टेशन
हमें अपने वोट की ताकत पता होनी चाहिए।




Editorial Support
Shri Santosh Ajmera - Director SVEEP, ECI
Shri Rahul Kumar - Section Officer, ECI
Ms. Tanishk Shyamya - Consultant SVEEP, ECI

Comic Book created & Published by
PRANS
B-153, (4th Floor) Sector-57,
Sushant Lok 3, Gurugram Haryana-122003
Email: nikhil@pransentertainment.com Mobile: +91 9999977618

ELECTION COMMISSION OF INDIA RESERVES THE RIGHTS OF THE STORIES IN THIS COMIC BOOK. TITLE CHACHA CHAUDHARY AND THE CHARACTERS ARE COPYRIGHT REGISTERED BY GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PROPRIETORS PRAN'S FEATURES LLP, A-84 NARAINA VIHAR, NEW DELHI. NO ACTUAL PERSON IS NAMED OR DELINEATED IN THIS FICTION COMICS. ANY SIMILARITY TO REAL HUMAN BEING OR PLACE IS PURELY COINCIDENTAL.


PRANS
चाचा चौधरी
और
चुनावी दंगल
वोट सैल्फी तो बनती है !
वोट